आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad@gmail.com

क्रमांकः F8(36)Misc./NSS/CCE/2022-02540/ दिनांकः

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः— **प्रदेश के समस्त राजकीय महाविद्यालयों में वृहद पौधारोपण अभियान एवं अधिकाधिक पौधारोपण के लिए आमजन को प्रेरित करने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि मानसून सत्र का प्रारंभिक समय पौधारोपण हेतु उपर्युक्त माना जाता है। इस वर्ष समस्त राजकीय महाविद्यालयों में ''**वृहद पौधारोपण अभियान**'' चलाया जाना सुनिश्चित हुआ है।

मानसून अवधि के दौरान प्रत्येक विद्यार्थी, संकाय सदस्य एवं कर्मचारीगण पर्यावरण के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए इस हेतु वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाना है। महाविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी / कर्मचारी **कम से कम दो पौधे** एवं विद्यार्थी **एक पौधा** अनिवार्य रूप से महाविद्यालय परिसर अथवा सार्वजनिक स्थल पर लगाएं। यदि कोई पौधा जीवित नहीं रह पाता है तो उसके स्थान पर दूसरा नया पौधा रोपित किया जाये। पौधे प्राप्त करने के संदर्भ में नजदीकी वन विभाग की पौधशाला से सम्पर्क किया जा सकता है।

विद्यार्थी, संकाय सदस्य एवं कर्मचारीगण स्वयं द्वारा लगाए गए पौधे को वृक्ष के रूप में विकसित होने तक सम्पूर्ण जिम्मेदारी (जैसे रख—रखाव, समय पर पानी देना, सुरक्षा आदि) का विशेष ध्यान रखें। इसके साथ ही आमजन को अधिकाधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित करने हेतु जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन भी करवाया जावे।

इस हेतु प्राचार्य महाविद्यालय स्तर पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्त कर व्यवस्थित मॉनिटरिंग करवाते हुए पौधारोपण का वीडियोज, फोटोग्राफ्स तथा रिकॉर्ड संधारित करवाया जाना सुनिश्चित करें।

(पुखराज सेन)
आयुक्त

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. विशिष्ट सहायक, माननीय उपमुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव, महोदय, राजस्थान सरकार।
3. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
5. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
6. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा को अपलोड करने हेतु।

(पुखराज सेन)
आयुक्त

RajKaj Ref
6948393

Signature valid
Digitally signed by Pukhraj Sen
Designation : Commissioner
Date: 2024.05.05 10:14:18 IST
Reason: Approved